RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 01 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 309 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### महाराष्ट्र डिप्टी सीएम फडणवीस को मिली जान से मारने की धमकी

## सांताक्रूज पुलिस ने दर्ज किया केस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को जान से मारने की धमकी देने और उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मुंबई की सांताक्रुज पुलिस स्टेशन ने आरोपी योगेश सावंत को गिरफ्तार किया है। आरोपी योगेश सावंत को नवी मुंबई इलाके से गिरफ्तार कर आज कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे 14 दिनों के लिए जुडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। आइए जानते हैं क्या है ये पूरा मामला। दरअसल, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और उन्हें जान से मारने की धमकी देने के मामले में अज्ञात शख्स के खिलाफ मुंबई की सांताक्रुज पुलिस ने FIR दर्ज की थी। पुलिस ने इस मामले में IPC की धारा 153(अ), 500, 505 (3), 506(2), और 34 के तहत FIR दर्ज किया था। इसी आरोप में योगेश सावंत नामक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों ने बताया की ''गावरान विक्षेपक'' नाम के फेसबुक चैनल पर एक शख्स ने इंटरव्यू दिया और उस दौरान उसने फडणवीस के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उन्हें जान से मारने की बात भी की।

### शरद पवार ने भतीजे अजित, CM शिंदे और डिप्टी CM फडणवीस को लंच पर बुलाया

# राजनीतिक हलकों में हलचल...

''**मुंबई.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार ने गुरुवार को भतीजे अजित पवार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लंच के लिए आमंत्रित किया है। पवार इन तीनों नेताओं को 2 मार्च को अपने बारामती आवास पर आने का निमंत्रण भेजा है। बता दें कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार बारामती दौरे पर जा रहे हैं। वह यहां महारोजगार मेले में भाग लेंगे। उनके साथ दोनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद रहेंगे। इसी मौके पर शरद पवार 2 मार्च को इन तीनों नेताओं को दोपहर के खाने के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं। 2024 शरद पवार ने लेटर में कहा, राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद, मुख्यमंत्री पहली बार बारामती आ रहे हैं और बारामती में नमो महारोजगार कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उनकी यात्रा को लेकर मैं बहुत खुश हूं। इसलिए मैं कार्यक्रम के बाद उनके अन्य कैबिनेट सहयोगियों को अपने आवास 'गोविंदबाग' पर भोजन के लिए निमंत्रण देना चाहता हूं। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग द्वारा चुनाव चिन्ह 'घडी' और पार्टी का नाम अजित पवार गुट को आवंटित करने के फैसले के बाद चाचा-भतीजा पहली बार आमने सामने होंगे। ऐसे में





अजित, शिंदे और फडणवीस को लंच पर बुलाने का मकसद क्या है? पवार के मन में क्या चल रहा है? इस तरह के कई सवाल खड़े हो रहे हैं।''

## 'अगर मुझे गिरफ्तार किया गया तो करोड़ों मराठा भूख हड़ताल करेंगे', बोले मनोज जरांगे



**मुंबई।** मराठा आरक्षण को लेकर कई दिनों तक भूख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने आज महाराष्ट्र की शिंदे सरकार को खुली चेतावनी दी है। जरांगे ने कहा कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया तो करोड़ों मराठा भूख हड़ताल करेंगे।

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के एक निजी अस्पताल में पत्रकारों से बात करते हुए जरांगे ने कहा कि मराठा समुदाय अपने अधिकारों के लिए लड़ रहा है और ये लड़ाई जारी रहेगी। बता दें कि जरांगे तीन दिन पहले जालना में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती में अपना अनशन खत्म करने के बाद इलाज करा रहे हैं।

**मसौदा अधिसूचना लागू करने का मौका**

जरांगे ने कहा कि सरकार के पास अभी भी 'सेज सोयरे' (कुनबी मराठों से जुड़े) मसौदा अधिसूचना को लागू करने का मौका है। उन्होंने कहा कि समुदाय इसकी सराहना करेगा।

पात्र कुनबी (ओबीसी) मराठों को प्रमाण पत्र जारी करने के लिए जनवरी में मसौदा अधिसूचना जारी की गई थी। जारांगे ने हाल ही में महाराष्ट्र विधानमंडल द्वारा एक विशेष श्रेणी के तहत मराठा समुदाय को दिए गए 10 प्रतिशत आरक्षण पर अपना विरोध जताया था।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के खिलाफ असंयमित भाषा का इस्तेमाल करने के चलते जरांगे की आलोचना हो रही है। जरांगे ने आरोप लगाया था कि भाजपा नेता उन्हें मारने की कोशिश कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने इसके बाद राज्य सरकार को एसआईटी गठित करने और फडणवीस के खिलाफ जारांगे की टिप्पणियों की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया।

## सुपारी किलर को लाखों का झांसा देकर 10 हजार में करवा दी पति की हत्या,

## पत्नी की साजिश का खुलासा



**अंबरनाथ;** हुए कत्ल का खुला राजपती ने प्रेमी के साथ मिलकर कराई हत्याहत्या के बाद ट्रेन से दिल्ली भाग गए थे हत्यारे30 लाख की सुपारी में हत्यारों को मिले केवल दस हजारअंबरनाथः शहर में 25 फरवरी को ड्यूटी पर जा रहे एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या की गई थी। हत्याकांड मामले में मृतक की पत्नी समेत तीन अन्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि मृतक की पत्नी का प्रेम संबंध अन्य के साथ था। पति को पत्नी के अवैध संबंध का पता चल गया था। जिसके बाद पत्नी ने प्रेमी के साथ मिल कर पति के हत्या की साजिश रची। पत्नी व प्रेमी द्वारा हत्या की सुपारी दी गई थी। उल्हासनगर क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया और उन्हें कोर्ट में पेश करने पर 5 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। कल्याण बदलापुर रोड़ पर गणपत ढाबे के सामने रमेश झा नामक व्यक्ति की उस समय चाकू के घातक प्रहार से हत्या कर दी गई थी जब वह कंपनी में काम पर जा रहा था। पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई तो पता चला कि मृतक की पत्नी सुमन व महेंद्र की मिलीभगत से तीन लोगों ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है।

## मुंबई में दिनदहाड़े लुटेरों ने पुजारी को लूटा

**कांदिवलीः** मुंबई के कांदिवली पुलिस ने 3 ऐसे शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है जो सोसायटी में फ्लैट दिलाने के नाम पर मंदिर के एक पुजारी की गाड़ी से 12 लाख रुपए लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने उन लुटेरे को तकनीकी उपकरण की मदद से गिरफ्तार किया।




कांदिवलीः मुंबई के कांदिवली पुलिस ने 3 ऐसे शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है जो सोसायटी में फ्लैट दिलाने के नाम पर मंदिर के एक पुजारी की गाड़ी से 12 लाख रुपए लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने उन लुटेरे को तकनीकी उपकरण की मदद से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने लुटेरों के पास से लूट के साढ़े 6 लाख रुपए भी जब्त कर लिया है।वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ज्ञानेश्वर गणोरे ने बताया कि दहिसर के रहने वाले पुजारी मोहनराज लल्ला राम मिश्रा (42) ने कांदिवली पुलिस को शिकायत दी थी कि कांदिवली ईरानी वाड़ी के रहने वाले राजेंद्र सिंह ने पुजारी को फ्लैट दिलाने के लिये कांदिवली स्टेशन के पास एक मांसाहारी होटल में बुलाया था। जब पुजारी ने होटल में जाने से मना किया तो उन लोगों ने पुजारी को बहाने से दूसरे वेज होटल लेकर गए जबकि पुजारी की गाड़ी को पहले वाले होटल के पास ही खड़ा रखा गया था।

वही राजेंद्र का दूसरा साथी दूर खड़ी पुजारी की स्कूटी की डिग्गी में रखें 12 लाख 30 हजार रुपए लूट कर फरार हो गया। जब पुजारी लौटकर आया तो उसके डिग्गी में रखे रुपए नदारद थे। पुजारी ने इसकी शिकायत कांदिवली पुलिस से की जहां पुलिस ने देर ना करते हुए जांच को आगे बढ़ाया और महज 2 घंटो में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के नाम बरकत उल्लाह खान (39) मोहम्मद अख्तर मोहम्मद रमजान हुसैन (35), राजेंद्र सुरेंद्र सिंह (58) है। पुलिस ने इनके पास से लूट के साढ़े 6 लाख जब्त कर लिया है। पुलिस इस मामले में आगे

## 1 मार्च से महाराष्ट्र बोर्ड एसएससी कक्षा 10 की परीक्षाएं शुरू...



**मुंबई।** राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 1 मार्च से माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र कक्षा 10 की परीक्षा शुरू करने वाला है। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी - पहला सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक और दूसरा दूसरा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक। एक नई सुधार पहल के हिस्से के रूप में, बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले छात्रों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 10 मिनट की अनुमति देना बंद कर देगा। इसके बजाय, छात्रों को परीक्षा के अंत में अतिरिक्त 10 मिनट दिए जाएंगे। परीक्षा पहले सत्र के दौरान मराठी, हिंदी, उर्दू, गुजराती, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम, सिंधी, बंगाली और पंजाबी जैसी प्रथम भाषा के पेपर से शुरू होगी।



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## चुनावी परंपरा

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पालाबदल और क्रॉस वोटिंग का सबसे सनसनीखेज और विवादास्पद उदाहरण 1969 का राष्ट्रपति चुनाव था। 16 अगस्त, 1969 को पांचवें राष्ट्रपति का चुनाव हुआ। लोकसभा के पूर्व स्पीकर नीलम संजीवा रेड्डी कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी उनकी उम्मीदवारी से सहमत नहीं थीं, लिहाजा उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ, अपने उम्मीदवार के तौर पर, लोकप्रिय मजदूर यूनियन नेता वीवी गिरि को चुनाव मैदान में उतार दिया। गिरि ने निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ा। तब स्वतंत्र पार्टी, जनसंघ और विपक्ष के अन्य दलों ने सीडी देशमुख को अपना साझा उम्मीदवार बनाया। वह पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की सरकार में वित्त मंत्री रह चुके थे। उस दौर में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'अंतरात्मा'के आधार पर मतदान करने का आह्वान किया था। नतीजा यह हुआ कि वीवी गिरि को 4,20,077 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार नीलम संजीवा रेड्डी को 4,05,427 वोट हासिल हुए। वीवी गिरि राष्ट्रपति चुनाव जीत गए। इस स्तर का वह एकमात्र चुनाव रहा, क्योंकि उसके बाद 'अंतरात्मा'की आवाज पर राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ा गया, लेकिन पालाबदल, पलटुओं, क्रॉस वोटिंग के चुनावों की लंबी परंपरा हमारे देश में रही है। इसे स्वतंत्र बौद्धिक, वैचारिक मतदान का नाम दिया गया अथवा घोड़ों की तरह विधायक खरीदे-बेचे गए या राजनीतिक दल के दायरे और उनकी निष्ठाएं बदलती रहीं। यह मुद्दा प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के दौर में भी उठा, जब गुप्त मतदान के बजाय खुले मतदान की पैरवी की गई। अंततः 2001 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में कानून मंत्री अरुण जेतली ने 'खुले मतदान'पर विधेयक संसद में पेश किया और वह कानून बना।

समस्या जस की तस रही और अब 2024 के राज्यसभा चुनाव में उप्र, हिमाचल, कर्नाटक आदि राज्यों में विधायकों ने खुल कर 'क्रॉस वोटिंग'की। बयान दिए जाते रहे कि उन्होंने 'अंतरात्मा'की आवाज पर, जिसे योग्य समझा, उसके पक्ष में वोट किया। दरअसल इसके साथ दलबदल की समस्या भी जुड़ी है। उसे रोकने पर भी कानून है, लेकिन क्रॉस वोटिंग के साथ-साथ विधायकों के दलबदल भी सामने आए हैं। उनके खिलाफ संसदीय अथवा विधानसभा के स्तर पर कार्रवाई बहुत लंबी चलती है, देरी भी होती है या आगामी चुनाव का समय भी करीब आ जाता है। फिर कानून के फायदे क्या हैं? महाराष्ट्र का उदाहरण सबसे ताजा है। उप्र में समाजवादी पार्टी के 7 विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में क्रॉस वोटिंग ही नहीं की, बल्कि पार्टी भी बदल ली। उनमें विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय भी एक हैं। इसका असर अमेठी, रायबरेली, अयोध्या समेत 7 लोकसभा सीटों पर पड़ना निश्चित है। यही नहीं, गुजरात से छह बार के सांसद एवं पूर्व रेल राज्यमंत्री नारायण राठवा अपने बेटे समेत कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष वासवराज पाटिल ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। बिहार में कांग्रेस के 2 विधायक मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरभ और राजद की विधायक संगीता कुमारी ने भी दलबदल कर भाजपा का पाला चुना है। चर्चा है कि भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़वाने का आश्वासन दिया है। दलबदल या क्रॉस वोटिंग नैतिकता या किसी ईमान का सवाल नहीं है और न ही जनता के साथ धोखा है। जनता अगले चुनाव में अपना जनादेश देकर उन्हें सही ठिकाने लगा सकती है, लेकिन इनसे सरकारें अस्थिर होती हैं और अंततः प्रभाव जनता पर ही पड़ता है। अब अहम सवाल यह है कि क्या ऐसा कानून बनेगा कि एक दल से जीतने के बाद पाला न बदला जा सके।

+91 99877 75650

editor@rokthoklekhaninews.com

Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok

# पीएम मोदी पर संजय राउत का हमला

## फाइव स्टार जेल की तरफ है नया संसद, भवन हमारी सरकार आई तो...

**महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के शिवसेना गुट के सांसद और प्रवक्ता संजय राउत ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है. उन्होंने किसानों और ड्रग्स से जुड़े मुद्दे को लेकर मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा किया है. इस दौरान राउत ने नए संसद भवन को लेकर भी बड़ा बयान दिया.**



### संजय राउत ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

संजय राउत ने कहा, सेंट्रल विस्टा की क्या हालत है एकबार जाकर देखना चाहिए. जो संसद भवन बनाया है. वो ना काम करने लायक है ना बैठने लायक है.

एक फाइव स्टार जेल बन गया है वो. जो ऐतिहासिक घरोहर थी हमारी, जो हमारा ऐतिहासिक पार्लियामेंट था. हम चाहते हैं जब हमारी सरकार आएगी तो हम उसी ऐतिहासिक बिल्डिंग में पार्लियामेंट सेशन शुरू करेंगे. संजय राउत से जब पीएम मोदी के नारे 'अबकी पार 400 पार' के बारे में पूछा गया तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 400 पार बहुत कम बोला है. 600 पार बोलना चाहिए. पीएम मोदी रैली में झूठ बोलते हैं.

### किसानों और ड्रग्स से जुड़े मुद्दे पर क्या बोले

इस दौरान ने राउत ने पूछा कि, पीएम ने किसान के लिये क्या किया. विर्दभ में सबसे ज्यादा किसान आत्महत्या कर रहे हैं. राउत ने ड्रग्स को लेकर भी मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा, पुरे देश में सबसे ज्यादा ड्रग्स का खेप अफगानिस्तान से आता है. गुजरात से पुरे देश में ड्रग्स जा रहा है. गुजरात से नेपाल और दसरे देश में ड्रग्स जा रहा है. शरद पवार, जब 2014 से पहले कृषि मंत्री थे, भारत के अब तक के सबसे अच्छे कृषि मंत्रियों में से एक थे, ऐसा किसी और ने नहीं बल्कि पीएम मोदी ने कहा है. बता दें, लोकसभा चुनाव से पहले कल पीएम मोदी महाराष्ट्र दौरे पर आये थे. इसके बाद विपक्ष ने उनपर निशाना साधा था.

# चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में बन रहे अवैध हथियार...?



**ठाणे:** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर इलाके में बने अवैध असलहे ठाणे में बेचे जाने की चौंकाने वाली घटना सामने आ रही है. हाल ही में एक ऑपरेशन में पुलिस ने सात आग्नेयास्त्र जब्त किए. साथ ही ठाणे पुलिस ने बुरहानपुर पुलिस को पत्र लिखकर मांग की है कि वहां बनने वाली बंदूकों की फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की जाए. करीब सात महीने पहले ठाणे पुलिस ने बुरहानपुरा से लाए गए हथियारों का बड़ा जखीरा जब्त किया था. चुनाव से पहले थाने में आग्नेयास्त्र लाये जाने से सुरक्षा की समस्या उत्पन्न हो रही है.

मध्य प्रदेश के बुहरानपुर इलाके से अवैध हथियार बेचने आए 23 वर्षीय गुरुचरण जुनेजा को ठाणे पुलिस की अपराध जांच शाखा की यूनिट दो की टीम ने मनकोली इलाके से 23 फरवरी को गिरफ्तार किया था. पुलिस ने उसके पास से गावथी निर्मित सात माउजर पिस्तौल और 10 कारतूस जब्त किये हैं. पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो पता चला कि वह यह जखीरा बुरहानपुरा इलाके से लाया था, जहां वह रहता था. यह भी जानकारी मिली है कि उसके खिलाफ मध्य प्रदेश में हथियार बेचने के दो मामले दर्ज हैं. पुलिस रेलवे लाइन की जांच कर सकती है। तो यह बात सामने आई है कि भिवंडी आने के लिए उसने प्राइवेट बस का इस्तेमाल किया था. करीब सात महीने पहले ठाणे पुलिस की संपत्ति अपराध जांच शाखा ने 17 पिस्तौल, 31 मैगजीन और 12 कारतूस जब्त किए थे. पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है. यह स्टॉक भी वह बुरहानपुर से लाया था। चूंकि अवैध हथियार बिक्री के मामले में बुरहानपुर क्षेत्र का नाम आ रहा है, इसलिए ठाणे पुलिस ने वहां के पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखा है और पुलिस से अवैध हथियार बेचने और बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एक बंदूक खरीदने के लिए कम से कम डेढ़ से दो लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं. साथ ही इस हथियार का इस्तेमाल करने के लिए संबंधित विभाग के पुलिस अधिकारियों से लाइसेंस लेना होता है. लेकिन बुरहानपुर में कई घरों में छोटे हथियार बनाने की फैक्ट्रियां हैं। ये हथियार अवैध हथियार डीलरों से खरीदे जाते हैं. फिर इन्हें शहर में बेच दिया जाता है. जांच में पता चला है कि यह हथियार महज 20 से 25 हजार रुपये में बेचा जा रहा है.

## करेंसी बदलने के नाम पर 60 हजार की ठगी




**नवी मुंबई :** फोरेंसिक करेंसी बदलने के बहाने 60 हजार रुपये की ठगी का मामला वाशी में सामने आया है। इस मामले में सात लोगों को वाशी पुलिस ने गिरफ्तार किया। कुर्ला में मोबाइल दुकान चलाने वाले युवक से आरोपियों ने संपर्क कर विदेशी करंसी देने का झांसा दिया गया।

इसके लिए आरोपियों ने युवक को वाशी में एक मकान के पास बुलाया और उसे भारतीय रुपये के बदले अमेरिकी डॉलर देने की पेशकश की। पीड़ित ने आरोपियों को 60 हजार रुपए दिये लेकिन उन्होंने उसे विदेशी मुद्रा नहीं दी। सहायक पुलिस निरीक्षक पवन नंद्रे ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने 24 फरवरी को झारखंड के रहने वाले सात लोगों को गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया।

## शादी वेबसाइट पर हुआ प्यार, युवती ने गंवाया 11 लाख



**ठाणे :** शादी से जुड़ी वेबसाइटों पर उच्च शिक्षित एवं व्यवसाई वर वधू की तलाश कर रहे हैं तो सावधान हो जाइए। शादी की एक वेबसाइट पर उच्च शिक्षित एवं व्यवसाई के रूप में पंजीकृत एक युवक ने प्यार और शादी का झांसा देकर एक युवती से 11 लाख रूपया ठग लिया। युवती की शिकायत पर वागले पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। योग्य वर वधू की तलाश में अनेक लोग शादी से जुड़ी वेबसाइटों पर अपना बायोडाटा दर्ज करते हैं। ऐसा ही वागले इस्टेट निवासी एक परिवार ने योग्य वर की तलाश में अपनी बेटी का बायोडाटा एक शादी वेबसाइट पर डाला था।

## ड्रग माफियाओं पर पुलिस की गाज

**ठाणे :** शहर में ड्रग स्मगलिंग का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी संख्या में युवक नशे का शिकार हो रहे हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के निर्देश पर ठाणे अपराध शाखा पूरी तरह से कमर कस चुका है। पूर्व में गिरफ्तार एक ड्रग तस्कर से पूछताछ में हुए खुलासे के आधार पर पुलिस ने 4 और ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से बड़ी मात्रा में आसानी से उपलब्ध न होने वाला चरस (हैश) आयल सहित एक करोड़ 83 लाख 34 हजार मूल्य का सामान बरामद किया है।



# पानी का बिल भरो वरना कटेगा नल कनेक्शन...



**ठाणे :** करोड़ों रुपए बकाया पानी का बिल वसूलने और बिल भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं का नल कनेक्शन काटने का निर्देश मनपा प्रशासन ने जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को दिया है। वित्तीय संकट से उबरने के लिए मनपा प्रशासन को ज्यादा से ज्यादा पैसों की आवश्यकता है जो कर के रूप में बकाया है।

उल्लेखनीय है कि मनपा को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 223 करोड़ पानी बकाया बिल की वसूली अपेक्षित है। इसमें से अभी तक करीब 82 करोड़ की वसूली हो चुकी है। 31 मार्च तक 141 करोड़ वसूली करने की चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए मनपा प्रशासन द्वारा कुछ कड़े निर्णय लिए गए हैं। इसे लेकर अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवीय ने जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की जिसमें उपनगर अभियंता विनोद पवार, विकास ढोले सहित विभाग के अनेक अधिकारी तथा कर्मचारी शामिल रहे।

# हाई कोर्ट की फटकार, फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त हों और विकलांगों के लिए सुलभ हों...

**मुंबईः** बीएमसी ने फुटपाथों का ऑडिट करने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे विकलांगों के लिए सुलभ हों। तदनुसार, नगर निकाय ने गैर सरकारी संगठनों को नियुक्त करने के प्रस्ताव का अनुरोध किया है, जो फुटपाथों के आकार और उन तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं का अध्ययन करेंगे। ऑडिट कार्य की अनुमानित लागत लगभग 2 करोड़ रुपये है दो दुकानदारों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान बॉम्बे हाई कोर्ट ने पिछले साल फुटपाथों पर अतिक्रमण को लेकर बीएमसी को फटकार लगाई थी। अदालत ने राज्य सरकार से पूछा था कि क्या विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के संबंध में नीतियों के लिए



एक सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया था और उसने इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाए हैं।

उच्च न्यायालय ने बीएमसी को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया था कि सभी फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त हों और विकलांगों के लिए सुलभ हों। तदनुसार, सात क्षेत्रों में से प्रत्येक में तीन साल के लिए एनजीओ का एक पैनल नियुक्त करने के लिए बुधवार को एक निविदा आमंत्रित की गई थी। एक नागरिक अधिकारी के अनुसार, ''एनजीओ का पैनल फुटपाथ की स्थिति, उसके आकार और फुटपाथ पर अतिक्रमण या बाधा पर ऑडिट करेगा। यह विकलांग व्यक्तियों के लिए पहुंच की स्थिति की भी जांच करेगा।हालाँकि, वॉचडॉग फाउंडेशन के संस्थापक गॉडफ्रे पिमेंटा ने कहा, ''यह प्रयास संदिग्ध लगता है क्योंकि यह पहुंच संबंधी मुद्दों को संबोधित करने के वास्तविक प्रयास के बजाय महज औपचारिकता प्रतीत होता है।''

फुटपाथों पर अतिक्रमण, अवैध विस्तार और पार्किंग बाधाओं की व्यापकता, विशेषकर रेलवे स्टेशनों के आसपास, उन्हें सक्षम व्यक्तियों और विकलांग लोगों दोनों के लिए अनुपयोगी बना देती है उन्होंने कहा, एनजीओ पर भरोसा करने के बजाय, बीएमसी को फुटपाथों और सड़कों के लिए एक व्यापक योजना या डिजाइन लागू करने पर विचार करना चाहिए। वॉकिंग प्रोजेक्ट के वेदांत म्हात्रे ने कहा कि बेहतर होगा कि बीएमसी छोटे सामाजिक कल्याण समूहों के प्रवेश को आसान बनाते हुए वार्ड स्तर पर एनजीओ की नियुक्ति करे।

# 2 से ज्यादा बच्चे हैं तो नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

## राजस्थान के नियम पर सुप्रीम कोर्ट की भी लगी मुहर...

**राजस्थान :** दो से ज्यादा बच्चे वाले लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी, राजस्थान के इस नियम पर अब सुप्रीम कोर्ट ने भी मुहर लगा दी है. बता दें कि राजस्थान में पंचायत चुनाव को लेकर ऐसा नियम पहले से लागू है. जिन लोगों के दो से ज्यादा बच्चे हैं वह चुनाव नहीं लड़ पाते हैं. दो बच्चों वाली ये पॉलिसी अब सरकारी नौकरी वालों के लिए भी लागू होगी. पंचायत चुनाव को लेकर इस नीति को राजस्थान में 21 साल पहले ही लागू किया जा चुका है. अब यह शर्त सरकारी नौकरी में चयन को लेकर भी होगी. जो लोग सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं और अगर उनके दो से ज्यादा बच्चे हैं तो ये उनके लिए बड़ा झटका है.



जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने पूर्व सैनिक राम लाल जाट की तरफ से दायर अपील को खारिज कर दिया है. पूर्व सैनिक राम लाल जाट साल 2017 में रिटायर हो गए थे. फिर 25 मई 2018 को उन्होंने राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल की पोस्ट के लिए अप्लाई किया था. हालांकि, पूर्व सैनिक राम लाल जाट का आवेदन राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 के नियम 24(4) के तहत खारिज हो गया.

**क्या है राजस्थान विभिन्न सेवा (संशोधन) नियम, 2001?**


बता दें कि राजस्थान विभिन्न सेवा (संशोधन) नियम, 2001 यानी राजस्थान विभिन्न सेवा (संशोधन) नियम, 2001 के तहत प्रावधान है कि 1 जून 2002 या उसके बाद से जिनके भी दो से ज्यादा बच्चे हैं उन्हें सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी. उन्हें सरकारी नौकरी का पात्र नहीं माना जाएगा.

पूर्व सैनिक राम लाल जाट के दो से ज्यादा बच्चे हैं. इसीलिए सरकारी नौकरी के लिए उनकी उम्मीदवारी खारिज हो गई है. पूर्व सैनिक राम लाल जाट ने इस संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट में सरकार के फैसले को चुनौती दी थी. इसपर अक्टूबर 2022 में निर्णय सुनाते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करने से मना कर दिया था.

# पुणे में जाली नोट फैक्ट्री का भंडाफोड़!

## चीन से मंगवाया कागज, हूबहू छापे 500 के नोट

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे शहर के पास नकली नोट छापने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है, जहां जाली 500 रुपये के नोट छापने का अवैध धंधा चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिंपरी-चिंचवड शहर में कई महीने से 500 रुपये के हूबहू नोट छापने का काम चल रहा था। जाली नोट छापने के लिए पेपर ऑनलाइन चीन से मंगवाए गए थे। पिंपरी-चिंचवड पुलिस ने नकली नोट छापने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नकली नोट ऑफसेट मशीन की मदद से छाप रहे थे। इन्हें बेचने के दौरान गिरोह का पर्दाफाश हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक देहू रोड पुलिस ने जाली नोट बनाने वाले गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे



पूछताछ कर रही है। आरोपियों ने चीन से ऑनलाइन कागज मंगवाया था और उस पर नकली भारतीय करेंसी नोट छापते थे। छापेमारी में 70 हजार के नकली नोट बरामद हुए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रितिक चंद्रमणि खडसे (उम्र 22), सूरज श्रीराम यादव (उम्र 41), आकाश विराज धंगेकर (उम्र 22), सुयोग दिनकर सालुंखे (उम्र 33), तेजस सुकदेव बल्लाल (उम्र 19) और प्रणव सुनील गवने (उम्र 30) के तौर पर हुई है। आरोपी रितिक ने आईटी में डिप्लोमा किया हुआ है। वह एक निजी कंपनी में काम करता है। आरोपी ने प्रिंटिंग व्यवसाय चलाने के लिए पुणे के दिघी इलाके में एक दुकान किराए पर ली थी। इसके बाद एक पुरानी प्रिंटिंग मशीन खरीदी, लेकिन प्रिंटिंग का काम नहीं मिला और बड़ा घाटा होने लगा। हालत यह हो गए कि दुकान का किराया भी निकलना मश्किल हो गया।

# अब फुटपाथ का भी होगा ऑडिट

**मुंबई :** फुटपाथ लोगों के चलने के लिए होते है, लेकिन मुंबई के फुटपाथ की हालत इतनी खराब है कि दिव्यांग तो छोडो आम नागरिक भी फुटपाथ पर नहीं चल सकते है। मनपा अब मुंबई के फुटपाथ की अवस्था सुधारने के लिए फुटपाथ का ऑडिट करने का निर्णय लिया है। जिसके लिए मनपा एनजीओ की मदद लेने का निर्णय लिया है जिसके लिए मनपा 2 करोड़ रुपए खर्च करेगी। उल्लेखनीय है कि मुंबई के फुटपाथ की हालत इतनी खस्ता है कि फुटपाथ पर चलना लोगो के लिए दूभर हो गया है। फुटपाथ पर गड्ढो की भरमार बनी रहती है। मनपा दिव्यांगों के उपयोगी फुटपाथ बनाने का कदम उठाया है। इसी के चलते मनपा ने एनजीओ की मदद लेने का निर्णय लिया है। मनपा सड़को की स्थिति को सुधरने के लिए कंक्रीट सड़कों के लिए पहल कर रही है। इसी तरह फुटपाथ की स्थिति को सुधारने के लिए एनजीओ की मदद लेने का निर्णय लिया है। एनजीओ के माध्यम से फुटपाथ दिव्यांगों के चलने लायक कैसे बनेंगे। फुटपाथ के निर्माण की बाधाएं और मुश्किलें कैसे दूर होंगी, इस पर काम किया जाएगा।

# गोदाम की दीवार ढहने का मामला : ठेकेदार गिरफ्तार, नगर पालिका अनाधिकृत निर्माण रोकने में विफल...

**नालासोपारा :** नालासोपारा पूर्व के पेल्हार के वाकनपाड़ा इलाके में गोदाम की दीवार गिरने के मामले में पुलिस ने मालिक और ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है और ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया गया है. इस हादसे के मौके पर एक बार फिर अनधिकृत निर्माण का मामला सामने आया है. आरोप लगाया जा रहा है कि नगर पालिका की उदासीनता के कारण ये अनाधिकृत निर्माण फल-फूल रहे हैं।



नालासोपारा पूर्व के वाकनपाड़ा स्थित चौधरी कंपाउंड में गोदाम का काम शुरू। मंगलवार की शाम गोदाम की दीवार गिरने से पांच मजदूर घायल हो गये. इनमें एक मजदूर कल्पेश नाडगे (19) की मौत हो गई. साइट के मालिक और ठेकेदार ने कोयले पर कोई भी सुरक्षा उपकरण पहनने की अनुमति नहीं दी और हेलमेट, सुरक्षा बेल्ट, जूते, हाथ के दस्ताने, सुरक्षा कोट आदि जैसी सामग्री भी उपलब्ध नहीं कराई। मजदूरों से गीली सीमेंट और ईंट की दीवार का निर्माण कार्य लापरवाही से कराया गया। इस मामले में परिसर मालिक हमीद, रफीक अहमद अब्दुल चौधरी और ठेकेदार लक्ष्मण बरफ के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (ए), 337, 338, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है. पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी ने बताया कि हमने इस मामले में ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है.



# मनोज-जरांगे पाटिल को जालना से मैदान में उतारा जाना चाहिए- प्रकाश अंबेडकर



**मुंबई :** वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) प्रमुख प्रकाश अंबेडकर ने अपनी हालिया बैठक के दौरान अपनी मांगें रखकर महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) के लिए एक कठिन चुनौती पेश की है।बैठक के दौरान सौंपे गए एक पत्र में, अंबेडकर ने जालना लोकसभा क्षेत्र से मराठा कार्यकर्ता मनोज जारांगे-पाटिल की उम्मीदवारी की वकालत की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने डॉ. अभिजीत वैद्य को पुणे लोकसभा क्षेत्र से आम उम्मीदवार के रूप में प्रस्तावित किया।वीबीए प्रमुख के पत्र में कहा गया है, ''एमवीए के आम उम्मीदवार जालना लोकसभा क्षेत्र से मनोज जारांगे-पाटिल और पुणे लोकसभा क्षेत्र से डॉ. अभिजीत वैद्य होने चाहिए।''

वीबीए ने 26 निर्वाचन क्षेत्रों की एक सूची प्रदान की जहां वे स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार होने का दावा करते हैं लेकिन सीट आवंटन के लिए एमवीए के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। इन सीटों में अकोला, अमरावती, औरंगाबाद और मुंबई की तीन सीटें शामिल हैं.पूरी बातचीत के दौरान प्रकाश अम्बेडकर ने रणनीतिक रुख बनाए रखा। प्रारंभ में, उन्होंने एमवीए नेताओं से उचित सम्मान की कमी का हवाला देते हुए एक बैठक में भाग नहीं लिया। बाद में, भाग लेने के दौरान, उन्होंने तत्काल सीट-बंटवारे की चर्चा के बजाय गठबंधन के सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम पर ध्यान केंद्रित किया।उद्धव ठाकरे और शरद पवार सहित एमवीए नेताओं ने कथित तौर पर कहा कि सीट-बंटवारे पर चर्चा पूरी होने वाली है। हालाँकि उन्होंने अम्बेडकर की अपेक्षाओं को स्वीकार किया, लेकिन उन्होंने उन्हें माँग के रूप में लेबल करने से परहेज किया। एमवीए नेताओं ने एमवीए के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने की अंबेडकर की प्रतिबद्धता पर भरोसा जताया।

राकांपा नेता जितेंद्र अवहाद ने हाल ही में स्पष्ट किया कि सीट बंटवारे की बातचीत के दौरान एमवीए भागीदारों के बीच कोई विवाद नहीं है। उन्होंने लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के लिए पार्टी के कथित खतरे को देखते हुए भाजपा का विरोध करने की अंबेडकर की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया, यह भावना डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की विरासत से जुड़ी है।

# मराठी नहीं पढ़ाने वाले स्कूलों की एनओसी रद्द होगी

**मुंबई :** राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में मराठी भाषा के अनिवार्य शिक्षण और अध्ययन के लिए सरकार की तरफ से कड़े कदम उठाए गए हैं। सभी विभागीय उप निदेशकों को अधिनियम का सख्ती से क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में स्कूली शिक्षा विभाग की तरफ से जारी परिपत्रक में कहा गया है कि जिन स्कूलों में मराठी नहीं पढ़ाई जाएगी, ऐसे स्कूलों का एनओसी रद्द करने का प्रावधान मराठी भाषा अध्यापन और अध्ययन की सख्ती करने वाले अधिनियम की धारा 4 में किया गया है। जिन स्कूलों में मराठी भाषा नहीं पढ़ाई जाती, ऐसे स्कूलों की सूची विभागीय उपसंचालक को सरकार के पास भेजने का निर्देश दिया गया है।

# वसईकर को नगर पालिका से 51 सेवाएं ऑनलाइन मिलेंगी

## समय की बचत एवं कार्य में पारदर्शिता



**वसई :** वसई विरार के नागरिकों को अब विभिन्न प्रमाण पत्र और लाइसेंस प्राप्त करने के लिए नगर पालिका जाने की आवश्यकता नहीं है। नगर पालिका ने कुल 51 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई हैं। इसके लिए सेवा गारंटी अधिनियम (सेवा का अधिकार) कंप्यूटर सिस्टम विकसित किया गया है। इन विभिन्न सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने पर आपको निर्धारित दिनों के भीतर घर बैठे प्रमाण पत्र, प्रमाण पत्र और लाइसेंस मिल जाएंगे। इसके अलावा आपके आवेदन की स्थिति को भी ट्रैक किया जा सकता है।

नगर निगम नागरिकों को विभिन्न सेवाएँ प्रदान करता है। विभिन्न कार्यों के लिए नगर निगम विभाग से अनुमति की आवश्यकता होती है। इसमें नल कनेक्शन, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, व्यवसाय लाइसेंस, अग्नि लाइसेंस, संपत्ति विभाग के विभिन्न दस्तावेज आदि शामिल हैं। हालांकि, नागरिकों को इसे पाने के लिए नगर निगम के डिविजनल कार्यालय जाना पड़ता था। इसके लिए नागरिक अपना समय व्यतीत करते थे। साथ ही आवेदन करने के बाद उन्हें यह भी नहीं पता था कि उन्हें मंजूरी मिली या नहीं और उनकी स्थिति क्या है. इसके चलते वसई विरार शहर नगर निगम ने महाराष्ट्र लोक सेवा अधिकार अधिनियम 2015 सेवा गारंटी अधिनियम के तहत वसई विरार क्षेत्र के नागरिकों के लिए कुल 51 सेवाओं को अधिसूचित किया है।

## ऐसे प्रमाणपत्र और लाइसेंस प्राप्त किये जा सकते हैं...

**इन सभी सेवाओं का लाभ सिस्टम https://rtsvvmc.in/vvcmcrts/ पर जाकर लिया जा सकता है, अपनी अलग लॉगिन आईडी बनाएं और 51 सेवाओं में से वांछित सेवा के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करें। इन आवेदनों की फीस का भुगतान करने के लिए नागरिकों को एक भुगतान गेटवे उपलब्ध कराया गया है। नागरिक अपने आवेदन की वर्तमान स्थिति पंजीकरण संख्या (विशिष्ट संख्या) और रसीद के माध्यम से जांच सकते हैं, जो आवेदन जमा करने के तुरंत बाद प्राप्त होगी। नागरिकों को उक्त सेवा का प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्राप्त होगा। चूंकि यह आरटीएस प्रणाली 'आपले सरकार पोर्टल' के साथ एकीकृत है, इसलिए नागरिक वहां से भी आवेदन कर सकते हैं। इस प्रणाली के माध्यम से नागरिक अपने आवेदन को आसानी से ट्रैक कर सकते हैं। हालाँकि, उक्त सेवाओं का प्रमाण पत्र नागरिकों को ऑनलाइन उपलब्ध होगा ताकि नागरिकों को बार-बार नगर निगम का दौरा न करना पड़े, यह जानकारी उपायुक्त (सूचना प्रौद्योगिकी विभाग) समीर भुमकर ने दी।**

# कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका द्वारा साल 2024-25 के वित्तीय वर्ष के लिए 3182 करोड़ का बजट पारित किया गया



**कल्याण :** कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका द्वारा साल 2024-25 के वित्तीय वर्ष के लिए 3182 करोड़ का बजट पारित किया गया है। मंगलवार को महापालिका सभागृह में आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ ने बजट पेश किया जिसमें शहर के विकास के लिए 3 हजार 156 करोड़ खर्च का प्रावधान है। बजट को लेकर आयुक्त जाखड़ ने कहा कि इस वर्ष के बजट में शिक्षा, सामाजिक और महिला विकास पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।


1) बजट में इलेक्ट्रिक की 207 नई बसें बजट में परिवहन सेवा में 207 इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने की योजना बनाई गई है। वहीं परिवहन विभाग के गणेश घाट डिपो में आरक्षित भूखंड पर सभागृह कर्मचारी ट्रेनिंग सेंटर, कैंटीन आदि के अलावा आईटीएमएस कमांड कंट्रोल सेंटर खोले जाने का प्रावधान बनाया गया है।

2) सात जगहों पर हेल्थ वेलनेस सेंटर महापालिका क्षेत्र में सात जगहों पर हेल्थ वेलनेस सेंटर शुरू किया जाएगा, जिसमें डोंबिवली पूर्व में प्रसूतिगृह एवं कैंसर अस्पताल के अलावा फिजियोथेरेपी सहित हेल्थ वेलनेस सेंटर शुरू किया जाएगा।

3) दिव्यांगों के लिए मासिक पेंशन महापालिका की बजट में पहली बार दिव्यांगों के लिए मासिक पेंशन एवं अन्य उपक्रमों के लिए 12 करोड़ का प्रावधान किया गया है। जिसके माध्यम से विविध उपक्रमों को क्रियान्वित किया जाएगा।

4) हिंदी भाषी सहित तीन भवनों की योजना इस बार की बजट में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका क्षेत्र में अलग-अलग समाज के तीन भवनों का प्रावधान किया गया है, जिसमें हिंदीभाषी भवन भी शामिल है। मनपा प्रशासन ने कल्याण पूर्व के नेतवली में हिंदीभाषी भवन, कल्याण पश्चिम में आगरी-कोली-कुणबी भवन एवं वारकरी समाज के लिए वारकरी भवन बनाने की योजना बनाई है।

# पैसे बदलने यात्री को मारने की कोशिश करने के आरोप में ऑटोरिक्शा चालक गिरफ्तार



**पुणे:** महालुंगे गांव में 20 रुपये के बदले में हुई बहस के बाद एक यात्री (48) को मारने की कोशिश करने के आरोप में एक ऑटोरिक्शा चालक (23) को मंगलवार रात गिरफ्तार किया गया। ''खेड़ तालुका के खरबवाड़ी के पीड़ित को ऑटो चालक द्वारा एक बड़े पत्थर से हमला करने के बाद आंतरिक चोटें आईं। पीड़िता खतरे से बाहर है, ''महालुंगे एमआईडीसी पुलिस के उप-निरीक्षक जे एस गिरनार ने कहा। उन्होंने कहा कि चाकन के कदाचीवाड़ी के ऑटोरिक्शा चालक रोहन गायकवाड़ पर भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाया गया था।

# डोंबिवली के युवक से ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए 33 लाख की ठगी...!




**डोंबिवली:** यहां एक युवक से भामटास ने ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए 33 लाख की ठगी की है. इस मामले में मानपाड़ा पुलिस ने युवक की शिकायत के आधार पर बुधवार को सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है. यह धोखाधड़ी पिछले दो महीने में हुई है. शिकायतकर्ता का नाम हेमांशु हर्षद कुमार शाह (40, निवासी विको नाका, एमआईडीसी, डोंबिवली) है। पिछले माह भामटास ने शिकायतकर्ता हेमांशु से संपर्क किया। उन्हें ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की जानकारी देकर लालच दिया गया कि अगर वे इस ट्रांजेक्शन में निवेश करेंगे तो उन्हें तुरंत दोगुना पैसा मिलेगा। जैसे ही पैसा शुरू में मिला, हेमांशु ने ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए कई चरणों में कुल 33 लाख 28 हजार रुपये का निवेश किया।

इस निवेश से आकर्षक रिटर्न उत्पन्न होना था। उसे मिलना बंद हो गया. हेमांशु शाह आकर्षक ब्याज और मूल राशि वापस पाने के लिए भामटा से संपर्क करने की कोशिश कर रहा था।

पहले तो उन्होंने मामूली कारणों से हेमांशु को जवाब दिया. इसके बाद उन्होंने शिकायतकर्ता को जवाब देना बंद कर दिया। हेमांशु ने बुधवार को मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई जब उसे यकीन हो गया कि उसे भामटा ने धोखा दिया है। पिछले एक साल में कल्याण, डोंबिवली इलाके में ऑनलाइन धोखाधड़ी के 100 से अधिक मामले सामने आए हैं। पुलिस उपनिरीक्षक पी. एस। गंगुर्डे जांच कर रहे हैं.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com